सूचना संख्या 2026–27 / 62

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
CENTRAL SANSKRIT UNIVERSITY

Accredited with A++ Grade by NAAC

एकलव्य परिसर/EKALAVYA CAMPUS

सिपाई पारा, लेम्बुचेरा,पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा

SIPAI PARA, LEMBUCHERRA, WEST TRIPURA, TRIPURA

दिनांक/Dated: 12-06-2026

-:सूचना/Notice:-

मुख्यालय नई दिल्ली की अधिसूचना 8-1/CSU/Acd/RR-CS/2026/189, दिनांक 05 जून 2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए प्राक्शास्त्री / शास्त्री प्रतिष्ठा / आचार्य / शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रमों के तृतीय, पंचम एवं सप्तम सत्रार्द्ध हेतु समर्थ पोर्टल पर शुल्क जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 05 जून 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। समर्थ पोर्टल पर सत्रार्द्ध शुल्क जमा करने की प्रक्रिया निम्न प्रकार रहेगी–

क्र.स.	शुल्क जमा करने की अवधि	विलम्ब शुल्क
1.	दिनांक 05 जून 2026 से 25 जून 2026 तक	सामान्य शुल्क
2.	दिनांक 26 जून 2026 से 05 जुलाई 2026 तक	रु. 50 / – (एकमुश्त) विलम्ब शुल्क
3.	दिनांक 06 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 तक	रु. 100 / – (एकमुश्त) विलम्ब शुल्क
4.	दिनांक 16 जुलाई 2026 से 25 जुलाई 2026 तक	रु. 100 / – प्रतिदिन विलम्ब शुल्क
5.	दिनांक 26 जुलाई 2026 से 24 अगस्त 2026 तक प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन	रु. 1000 / – विशेष विलम्ब शुल्क तथा क्र.सं. 04 में दर्शायी गई विलम्ब शुल्क की गणना सहित

समर्थ पोर्टल का लिंक– https://Sanskrit.samarth.edu.in/index.php/site/login

नोटः–

1. उपर्युक्त उल्लिखित पाठ्यक्रमों के तृतीय, पंचम, सप्तम सत्रार्द्ध की नियमित कक्षाएं दिनांक 17 जून 2026 से प्रारम्भ होगी। सम्बन्धित कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों की अग्रिम सत्रार्द्ध की कक्षाओं में नियमित उपस्थिति अनिवार्य है।
2. अग्रिम सत्रार्द्ध में प्रवेशित होने वाले विद्यार्थियों हेतु समर्थ पोर्टल पर विषय चयन की प्रक्रिया दिनांक 15 जून 2026 से प्रारम्भ की जाएगी। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे विषय चयन की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूर्ण करें। गत सत्रार्द्ध में अध्ययन किए गए विषयों के सातत्य में ही विषयों का चयन करें। स्पष्टता हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सम्बन्धित पाठ्यक्रम का अवलोकन करें। अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित विषयाध्यापक / विद्याशाखाध्यक्ष से सम्पर्क कर सकते हैं।
3. विलम्ब शुल्क से बचने हेतु निर्धारित समयावधि में सत्रार्द्ध शुल्क जमा कर विषय चयन की प्रक्रिया को पूर्ण करें।
4. सत्रार्द्ध शुल्क जमा करने व विषय चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या हेतु तकनीकी सहायक श्री दीपेन्द्र मिश्रा (मो. 7897986082) से तत्काल सम्पर्क करें।

12.06.2026

[प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी/Prof. Gurucharan Singh Negi]
निदेशक/Director

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. सह–निदेशक, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
2. समस्त विद्याशाखाध्यक्ष / समन्वयकों / प्राध्यापकों को सूचनार्थ।
3. तकनीकी सहायक, के.सं.वि. एकलव्य परिसर को वेबसाइट और छात्र समूह में प्रकाशनार्थ।
4. शैक्षणिक अनुभाग, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
5. समन्वयक, आईक्यूएसी, के.सं.वि. एकलव्य परिसर।
6. सूचना पट्ट।
7. सूचना संचिका।

निदेशक/Director

निदेशक / Director
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
एकलव्य परिसर, अगरतला / Ekalavya Campus, Agartala